भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या:83
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

टूथपेस्टों में निकोटीन की उपस्थिति

83. **श्रीमती गुन्ड सुधारानीः**

क्या **स्वास्थ्य और कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय की जानकारी में यह बात आई है कि बाजार में उपलब्ध टूथपेस्टों में निकोटीन पाई जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है;

(ग) यदि हां, तो ऐसी जांच के क्या परिणाम रहे; और

(घ) बाजार में बेचे जा रहे टूथपेस्टों से निकोटीन को हटाने को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) से (घ) टूथपेस्ट तथा अन्य प्रसाधन उत्पाद राज्य औषध नियंत्रण प्राधिकारियों के लाइसेंस क्षेत्राधिकार के भीतर आते हैं। तथापि, केन्द्र सरकार ने प्रसाधन उत्पादों में निकोटिन के इस्तेमाल को पहले से ही प्रतिबंधित कर दिया है ।